भोर में बीच बाजार पलटा बेकाबू हाइवा, खलासी की मौत, चालक गंभीर

गांधी चौराहे में रेत से लोड हाइवा के पलटने पर पुलिस ने चलाया रेस्क्यू, हाइवा स्टाफ को निकालने जेसीबी मशीन की ली गई मदद

नवभारत न्यूज

सीधी 20 जनवरी। शहर के बीच बाजार गांधी चौराहे में आज मंगलवार भोर करीब 3 बजे रेत से लोग एक बेकाबू हाईवा के पलटने से खलासी की मौत हो गई और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बेकाबू हाईवा की चपेट में आने से डिवाइडर की ग्रिल भी टूट गई।

गनीमत रही कि सबेरे-सबेरे हुए भीषण सड़क हादसे के दौरान लोगों की आवाजाही नहीं थी नहीं तो बड़ी जनहानि हो सकती थी। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और हाईवा में फंसे चालक और खलासी को बाहर निकालने जेसीबी की मदद से रेस्क्यू आपरेशन चलाया गया। पलटा हाईवा डिवाइडर से सटा था और उसका ऊपरी फाटक भी क्षतिग्रस्त होने से नही खुल रहा था। जेसीबी की मदद से केबिन में फंसे चालक और खलासी को बाहर निकाला गया। खून से सराबोर खलासी और चालक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। परीक्षण के पश्चात डियुटी डाक्टर ने खलासी को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर हालत में चालक को भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। बताया गया कि तेज रफ्तार रेत से लोड हाईवा क्रमांक एमपी 17 जेडएल 2035 सोनांचल बस स्टैंड की ओर से गांधी चौक की ओर गया और मोड़ में पहुंचते ही अचानक चालक हाईवा पर से नियंत्रण खो बैठा। बेकाबू हाईवा डिवाइडर से टकराया और पलट गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस के आने पर हाईवा में फंसे चालक और खलासी को निकालने की कवायद शुरू हुई और अस्पताल पहुंचाया गया। मृतक खलासी की शिनाख्त रोहित यादव पिता रामप्रसाद यादव निवासी बहेरा डाबर मऊगंज 30 वर्ष के रूप में हुई। वही चालक बृजेश कोल पिता छठिलाल कोल उम्र 32 वर्ष को बेहोशी हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई, लेकिन यह घटना कई गंभीर सवाल खड़े कर गई है।

बिखरी रेत की चोरी करने मची होड़

हादसे के शुरुआती कुछ समय तक स्थिति सामान्य रही और लोग पुलिस के आने का इंतजार करते रहे। लेकिन जैसे ही भीड़ धीरे-धीरे छंटी, वैसे ही एक और चौंकाने वाला दृश्य सामने आया। पलटे हाईवा से सड़क में बिखरी रेत को आसपास के कुछ स्थानीय लोगों ने चोरी करना शुरू कर दिया। देखते ही देखते लोग बाल्टी, बोरी और ठेलियों के जरिए रेत ले जाने लगे। महज आधे घंटे के भीतर हाईवा से गिरी अधिकांश रेत गायब हो गई। स्थानीय निवासियों ने बताया कि हाईवा पलटने के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए थे। जब लोगों को लगा कि अब कोई खतरा नहीं है और भीड़ कम हो गई, तभी कुछ लोगों ने रेत चुराना शुरू कर दिया। किसी ने भी उन्हें रोकने की कोशिश नहीं की और थोड़ी ही देर में अधिकांश रेत गायब हो गई।

इनका कहना है

गांधी चौराहे के पास एक हाईवा दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। फंसे चालक और खलासी को अस्पताल पहुंचाया गया। सुबह पलटे हुए हाईवा को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई, ताकि आवागमन बाधित न हो। जांच की जा रही है कि यह हादसा कैसे हुआ। साथ ही रेत चोरी के मामले की भी जांच की जा रही है।

कन्हैया सिंह बघेल, थाना प्रभारी कोतवाली



अंग्रेजी विभाग ने किया प्रो . भोला सिंह कुशराम का सम्मान

नवभारत न्यूज

सीधी 20 जनवरी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी में पदस्थ प्रो. भोला सिंह कुशराम संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष हैं। विगत बीस वर्षों से एक कर्म योगी की तरह संस्कृत विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

प्रो. भोला सिंह कुशराम कर्तव्यनिष्ठ ईमानदार एवं छात्र-छात्राओं के प्रति समर्पित प्राध्यापक के रूप में जाने जाते हैं। समय के पाबंद और विद्यार्थियों के भविष्य के लिए सतत जागरूक ये प्रो. इन दिनों हृदय रोग से पीड़ित हैं। फिर भी छात्र हित की भावना कोई इनसे सीख सकता है। ऐसे कर्मयोगियों को चिन्हित कर उन्हें अंग्रेजी विभाग सम्मानित करता रहा है। संजय गांधी स्मृति स्वशासी महाविद्यालय सीधी के अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष साहित्यकार प्रो. अनिल सिंह सत्यप्रिय अपने विभाग के प्राध्यापक डॉ. अकिता सोनी, प्रो. अनिरुद्ध प्रजापति एवं प्रो. शशी सोनी के साथ प्रो. भोला सिंह कुशराम के आवास पर जाकर उन्हें शाल श्रीफल पुस्तक देकर सम्मानित किये। इस अवसर पर प्रो. भोला सिंह कुशराम और उनके परिवार जनों की आँखों में खुशी की चमक दिखी।

दो दिवसीय हड़ताल पर निर्वाचन कर्मचारी, सौंपा ज्ञापन

आउटसोर्स कर्मचारियों की हड़ताल से एसआईआर कार्य ठप

नवभारत न्यूज

सीधी 20 जनवरी। जिले के निर्वाचन कार्य में लगे आउटसोर्स कर्मचारियों ने हड़ताल का ऐलान कर दिया है, इनके अचानक दो दिवसीय हड़ताल पर चले जाने से निर्वाचन संबंधी सभी कार्य ठप्प हो गए हैं। इन दिनों देश भर में एसआईआर का कार्य चल रहा है। ऐसे में इनके हड़ताल पर चले जाने से एसआईआर जैसा अतिआवश्यक प्रभावित हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से लेकर विभिन्न स्थानों पर निर्वाचन कार्य के लिए बतौर आउटसोर्स कर्मचारी अपनी सेवाएं विगत 10 वर्षों से दे रहे कर्मचारियों ने हड़ताल कर प्रशासन को संकट में ला दिया है। इनके हड़ताल पर चले जाने से पहले ही दिन निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य ठप्प हो गए हैं। आउटसोर्स कर्मचारियों ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी मध्यप्रदेश के साथ साथ जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी के नाम सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि वर्ष 2016-17 से हम आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत होकर पूर्ण मेहनत एवं लगन से कार्य कर रहे है, वर्तमान में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 एसआईआर में हम सभी दिन-रात कार्य कर रहे हैं एवं 27 अक्टूबर 2025 के बाद से

लगातार शनिवार एवं रविवार को भी कार्य कर रहे है। हम सभी बहुत ज्यादा मानसिक रूप से प्रताडित हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा दिन-रात काम लिया जा रहा है और 11 माह का एरियर भी रुका हुआ है। परंतु आज दिनांक तक शासन ध् मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल स्तर से इस सबंध में किसी प्रकार की कोई भी कार्यवाही नही की गई।

इस सबंध में अपनी मांगों को लेकर हम सभी साथी 20 एवं 21 जनवरी को दो दिवसीय जिले/विधानसभा स्तर पर पदस्थ निर्वाचन के समस्त आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा सामूहिक हड़ताल किया जा रहा है। इस दौरान प्रमुख रूप से संदीप गुप्ता सहायक प्रोग्रामर, संजय विश्वकर्मा सहायक प्रोग्रामर, चंद्रप्रकाश द्विवेदी सहायक प्रोग्रामर, सुचित तिवारी सहायक प्रोग्रामर, दीपक पाण्डेय सहायक प्रोग्रामर, रामप्रकाश रावत, राजीव प्रजापति, हितेश सिंह चौहान, रामायण कुशवाहा, मोहन लाल कुशवाहा, रामू प्रजापति, सुशील मणि सिंह, मणिराज सिंह, संजय पाण्डेय, कौशल प्रजापति, ज्योति प्रजापति, संजय साकेत, सनत यादव, श्याम बिहारी साहू, दिलीप कुशवाहा शामिल हैं।

यह हैं इनकी प्रमुख मांगें

निर्वाचन कार्य में लगे आउटसोर्स कर्मचारियों ने सौंपे गए ज्ञापन पत्र में प्रमुख रूप से चार मांगों को पूरा करने के लिए हड़ताल का आहवान किया है, जिसमें प्रमुख रूप से उनकी मांग है कि हमारे मानदेय का भुगतान सीधे विभाग द्वारा किया जाए फर्म को हटाकर, हाई कोर्ट के निर्देशानुसार 11 माह का एरियर भुगतान किया जाए, प्रति माह सैलरी का भुगतान समय पर किया जाए तथा शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर संविदा/नियमितीकरण का लाभ दिलाया जाय। उक्त आउटसोर्स कर्मचारियों ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि अगर समय पर हमारी इन मांगों का निराकरण नहीं किया जाता है तो पुनः हड़ताल का आहवान किया जाएगा।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं 110 समस्याएं, त्वरित निराकरण के निर्देश

सीधी 20 जनवरी। शासन के निर्देशानुसार जिला पंचायत सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने जिलेभर से आए नागरिकों की कुल 110 समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी आवेदनों पर तत्काल, प्रभावी एवं पारदर्शी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनसुनवाई शासन और आमजन के बीच संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए प्रत्येक प्रकरण का समय-सीमा में निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने लापरवाही या अनावश्यक देरी पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध जवाबदेही तय करने एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी भी दी।

जनता के सामूहिक प्रयास से ही ग्राम विकास संभव : हीराबाई

नवभारत न्यूज

कुसमी 20 जनवरी। जनपद सभागार कुसमी में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास पखवाड़ा ग्रामोदय से अभ्युदय अंतर्गत ग्राम उत्सव, ग्राम चौपाल, ग्राम रैली सामूहिक श्रमदान, परिवार संपर्क कर लोगों में समाजिक समरसता पर्यावरण संरक्षक स्वावलंबन एवं स्वदेशी नागरिक सेवा शिक्षा एवं संस्कार नशा मुक्ति समाज गौ संरक्षण इत्यादि विषयों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हीराबाई सिंह के आतिथ्य

में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। जन अभियान परिषद के विकाश खंड समन्वयक राजनीश मिश्रा द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत किया गया। जनपद सीईओ ज्ञानेंद्र मिश्रा द्वारा जन जागरूकता कर अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से अंत्योदय साकार होगा। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सचिव एवं सरपंचों को गया क्योंकि सरपंच ग्राम पंचायत का मुखिया होता है कि ग्राम पंचायत के लिए हर कार्य में उसकी सहभागिता होनी चाहिए। उनके सहयोग के लिए हर बर्ड के पंच होते हैं जो ग्राम विकाश के एक कड़ी होते हैं। उन्होंने कहा कि जन अभियान परिषद द्वारा गठित समस्त प्रस्फुटन समितियों द्वारा सरपंच एवं सचिव के साथ जुड़कर हर ग्राम का अभ्युदय करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें शासन उनका निरंतर सहयोग करेगा। कार्यक्रम में मंडल पौड़ी के अध्यक्ष श्रीमती अनीता सिंह द्वारा सभी छात्र-छात्राओं से अपील किए कि अपने गांव तक शासन की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को घर घर तक पहुंचाने का प्रयाय करें। कार्यक्रम में उपस्थित सफल छात्रों को अतिथियों द्वारा अंकसूची प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की जिसमें परामर्शदाता रामबहादुर प्रजापति, राजकुमार वैश्य, लालता प्रसाद केवट, अनीता सिंह, प्रकाश दुबे एवं समस्त प्रस्फुटन नवांकुर के अध्यक्ष सचिव छात्र-छात्रा कार्यक्रम का सफल संचालन प्रकाश दुबे द्वारा किया गया।

सांसद ने बाल विवाह मुक्ति रथ को दिखाई हरी झंडी

नवभारत न्यूज

सीधी 20 जनवरी। जिला सीधी को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन की पार्टनर संस्था कनपुरा कुटुंबकम संस्थान द्वारा जिले में प्रचार-प्रसार हेतु बाल विवाह मुक्त रथ तैयार किया गया।

सीधी जिला के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा द्वारा जिले में बाल विवाह को रोकने हेतु बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर सीधी जिले के गांव-गांव में भ्रमण हेतु रवाना किया गया। बाल विवाह को रोकने हेतु पूरे सीधी जिले के गांव-गांव में यह रथ महिला एवं

बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवेश मिश्रा के मार्गदर्शन में पूरा कार्यक्रम किया जा रहा है। संस्था के डायरेक्टर लाल योगेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सीधी जिले को बाल विवाह मुक्त बनाना है। संस्था द्वारा ऐसे प्रयास सीधी जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु पहले से भी किया जा रहे हैं। संस्था की कोऑर्डिनेटर आंचल सिंह द्वारा यह बताया गया कि बाल विवाह मुक्त रथ के अलावा हम स्कूलों में भी गांव में भी जाकर बाल विवाह मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।

शोक संवेदना व्यक्त करने कई विधायक व मंत्री पहुंचे कोष्टा

नवभारत न्यूज

चुरहट 20 जनवरी। जिले के दिग्गज नेता पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, मप्र के ऊर्जा विकाश निगम के पूर्व चेयरमैन गोविंद प्रसाद मिश्र के पूज्य पिता 104 वर्षीय पंडित हनुमान प्रसाद मिश्र के निधन के पश्चात शोक संवेदना व श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों का गृह ग्राम कोष्टा मे भारी संख्या मे क्षेत्र के लोग व अन्य जिलो से भाजपा पदाधिकारी, नेताओ का प्रतिदिन आना हो रहा है।

वहीं दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देने प्रदेश की राज्य मत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकाश भोपाल श्रीमती राधा सिंह, पूर्व मंत्री, चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल भैया, पूर्व सांसद सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक, सिंगरौली के पूर्व विधायक रामलल्लू वैश्य सहित सीधी जिला के व रीवा, सतना, शहडोल से अन्य नेता व जनप्रतिनिधियो ने कोष्टा पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर शंवेदना व्यक्त किये तथा शोक संत्रप्त परिवार जनो से मुलाकात कर इस दुखद घडी मे ढाढस बधाया तथा ईश्वर से पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणो मे स्थान प्रदान करने की प्रार्थना किये।

साईं ज्योति इंटरनेशनल स्कूल का हुआ भव्य शुभारंभ

नवभारत न्यूज

सीधी 20 जनवरी। साईं ज्योति इंटरनेशनल स्कूल टीकट कला का शुभारंभ मुख्य अतिथि चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल भैया, विशिष्ट अतिथि पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष इंद्रशरण सिंह, अध्यक्षता पीएसए जिलाध्यक्ष इंजी. आरबी सिंह ने फीता काट कर मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर रंगारंग कार्यक्रम के साथ किया गया।

श्री सिंह ने अपने उद्बोधन में शिक्षा की अहमियत को बताते हुए सभी छात्रों को आधुनिक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता उक्त क्षेत्र के लिए जरूरी है जिसकी पूर्ति साईं ज्योति इंटरनेशनल स्कूल

के द्वारा पूर्ण करने का कार्य किया जाएगा। अब छात्रों को दूर जाने की आवश्यकता नहीं है। आधुनिक सभी व्यवस्थाएं स्कूल प्रबंधन द्वारा प्रदान किया जाएगा। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सिंह ने बताया कि विगत 15 वर्षों से शिक्षा जगत में जिले की अग्रणी स्कूलों में सुमार साईं ज्योति पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल पनवार सीधी का संचालन किया जा रहा है और मेरा संकल्प हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु समर्पित रहा है। कार्यक्रम में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संरक्षक ज्ञानेंद्र सिंह, संगठन महामंत्री सौरभ सिंह, कोषाध्यक्ष शिव कुमार सिंह, सचिव मंजू राम शुक्ला, रवि तिवारी, श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश महासचिव हरपाल सिंह, संभागीय उपाध्यक्ष अनिल सिंह, कोषाध्यक्ष राजीव सिंह परिहार, रमेश सिंह, जयराम सिंह सहित सैंकड़ों की संख्या में सम्मानित जन उपस्थित रहे। स्कूल परिवार से डायरेक्टर ममता सिंह, सचिव सुधांशु सिंह, मैनेजर प्रकाश सिंह, प्राचार्य बृजेश तिवारी एचएम राजकुमार पटेल, परीक्षा प्रभारी विकास कुमार वर्मा, प्रिया सिंह, मांसी तिवारी, शिवानी सिंह परमार, शिवानी सिंह चौहान, अरविंद शुक्ला, उर्मिला पनिका, केशव रजक, कविता पनिका, धर्मेंद्र सिंह, अमरेश सिंह, उपेंद्र सिंह सहित सैकड़ों अभिभावकगण उपस्थित रहे। सचिव सुधांशु सिंह ने सभी का आभार प्रकट किया।

शासकीय उमावि बड़खरा में भावुक विदाई समारोह

नवभारत न्यूज

सीधी 20 जनवरी। जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडखरा में 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के लिए भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में 11वीं के विद्यार्थियों ने गीत, संगीत, नुक्कड़ नाटक और खेल गतिविधियों की प्रस्तुति देकर माहौल को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा 11 की छात्रा सृष्टि तिवारी ने किया, जिन्होंने पूरे आयोजन को खूबसूरती से संभाला। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप प्रजापति, ललित सिंह एवं अनिल

शैडिल्य द्वारा दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर 11वीं के विद्यार्थियों ने 12वीं के सीनियर्स को विदाई उपहार भेंट किए, वहीं 12वीं के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में बिताए अपने सुनहरे पलों को साझा करते हुए भावुक विदाई ली। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

श्रीमद्भागवत कथा पटपरा में कल से

▶ भण्डारा व प्रसाद वितरण 29 को

नवभारत न्यूज

कमर्जी 20 जनवरी। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज सिंह द्वारा अपने पूज्य पिता स्व. संतोष सिंह के वार्षिक श्राद्ध वर्षी के पावन अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन उनके निज निवास पटपरा सीधी में किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु धर्मलाभ प्राप्त करेंगे। पंकज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य अतुल पाठक नीलकंठ धाम मौहार के मुखारविंद से संपन्न होगा। श्रीमद्भागवत कथा बैठकी का शुभारंभ 22 जनवरी 2026 गुरुवार से किया जाएगा, जिसमें प्रतिदिन श्रद्धालु पधार कर कथा श्रवण कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि 28 जनवरी 2026 बुधवार को श्रीमद्भागवत कथा की पूर्णाहुति, हवन एवं विधिवत पूजन का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात 29 जनवरी 2026 गुरुवार को स्व. संतोष सिंह की वार्षिक श्राद्ध वर्षी के अवसर पर भण्डारा एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित होगा, जो दोपहर 12 बजे से सायं 7 बजे तक चलेगा।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज सिंह ने अपने समस्त शुभचिंतकों, क्षेत्रवासियों एवं धर्मप्रेमी जनता से आग्रह किया है कि वे इस पावन अवसर पर आयोजित सभी कार्यक्रमों में सहभागिता कर श्रीमद्भागवत कथा का अमृतपान करें तथा दिवंगत आत्मा की शांति हेतु आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में सम्मिलित होकर हमें अनुग्रहित करें।

खाकी वर्दी पहनकर कलेक्टोरेट पहुंचे आदिवासी-हरिजन किसान

संगठन बनाकर अब अपनी सुरक्षा खुद करने पर दिया जोर, अपर कलेक्टर को सौंपा मांगों का ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सीधी 20 जनवरी। कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार दोपहर एक अनोखा और चौंकाने वाला दृश्य देखने को मिला, जब आदिवासी और हरिजन समाज से जुड़े कई बुजुर्ग किसान पुलिस जैसी वर्दी पहनकर सैनिकों की चाल में कलेक्ट्रेट परिसर के भीतर पहुंचे।

अचानक वर्दीधारी लोगों को देखकर कुछ समय के लिए प्रशासनिक अमले में भी हलचल मच गई। बाद में इन लोगों ने खुद को एक सामाजिक संगठन से जुड़ा बताते हुए कहा कि वे समाज की सुरक्षा और किसानों की समस्याओं को लेकर संगठित प्रयास कर रहे हैं। संगठन के क्षेत्र उपाध्यक्ष छोटेलाल सिंह टेकाम ने बताया कि वे लोग जब खेतों में रहते हैं तो केवल किसान कहलाते हैं, लेकिन जैसे ही खेत से बाहर निकलते हैं, तब उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं होता। आए दिन शोषण, अत्याचार और प्रशासनिक उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। इसी वजह से हरिजन और आदिवासी समाज के लोगों ने आपस में मिलकर संगठन बनाने का निर्णय लिया है, ताकि अपनी आवाज को मजबूती से उठा सकें और अपनी सुरक्षा खुद कर सकें। जिला मंत्री पन्नालाल सिंह मरावी ने कहा कि संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष राजमाता फुलवा देवी हैं, जो नई दिल्ली में निवास

करती हैं।

उन्हीं के निर्देश पर जिले में संगठन का विस्तार किया जा रहा है और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने बताया कि संगठन का उद्देश्य किसी भी तरह का टकराव नहीं है, बल्कि समाज में फैले भ्रष्टाचार, अत्याचार और आपसी विवादों को समाप्त करना है। यदि प्रशासन उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेता है, तो संगठन कानूनी तरीके से न्यायालय और उच्च न्यायालय की शरण लेने के लिए भी तैयार है। संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार, सिंगरौली जिले में अब तक करीब 400 वर्दीधारी कार्यकर्ता तैयार किए जा चुके हैं, जबकि सीधी जिले में फिलहाल 15 सदस्य सक्रिय हैं। मंगलवार को यही 15 सदस्य कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय को ज्ञापन सौंपते हुए संगठन को पंजीकृत किए जाने और पहचान पत्र जारी करने की मांग की। कलेक्ट्रेट पहुंचे सदस्यों में जिला अध्यक्ष बबन सिंह पोया, जिला मंत्री पन्नालाल सिंह मरावी, क्षेत्र उपाध्यक्ष छोटेलाल सिंह टेकाम, जिला उपसचिव गुलाब सिंह नेताम, जगजाहिर सिंह नेटिया और लक्ष्मण सिंह शामिल रहे। यह घटना जिले में दिनभर चर्चा का विषय बनी रही।

वैधानिक मान्यता नहीं दी जा सकती : बीपी पाण्डेय

इस पूरे मामले पर अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय ने साफ शब्दों में कहा कि कोई भी संगठन जब तक विधिवत पंजीकृत नहीं होता, तब तक उसे किसी भी प्रकार की वैधानिक मान्यता नहीं दी जा सकती। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्दी पहनकर या स्वयं को किसी प्रकार की शक्ति का प्रतीक बताकर कानून अपने हाथ में लेना पूरी तरह गलत है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि संगठन यदि शांतिपूर्वक लोगों को जागरूक करता है और उनकी समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाता है, तो उस पर कोई आपत्ति नहीं है।